नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, म.प्र.

पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर में ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियां

जबलपुर (13/04/2020): पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर में माननीय डॉ. एस.पी. तिवारी कुलपति जी, के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियां लॉकडाउन अवधि में निरंतर जारी हैं। जिसमें श्रीमान अधिष्ठाता संकाय डॉ. आर.पी.एस बघेल एवं डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता जी के निर्देशानुसार 11अप्रैल 2020 को डॉ. गिरिधारी दास विभागाध्यक्ष पशु परजीवी विभाग द्वारा ट्रिपनोसोमा एवंसी परजीवी द्वारा भैंसों में सर्रा रोग विषय पर ऑनलाइन शैक्षणिक कक्षा 3–4 बजे के मध्य बी.व्ही.एस.सी तृतीय वर्ष के 61 छात्रों को जूम ऐप के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। इसी दिवस में डॉ. शिल्पा गजभिये, सहायक प्राध्यापक पशु औषधि विभाग द्वारा जूम ऐप के माध्यम से अंतिम वर्ष के 72 छात्रों को पशु एक्ट 1960 अधिनियम के तहत क्रूरता निवारण विषय पर कक्षा आयोजित हुई। इसी क्रम में कोरोना विषाणुजन्य रोग से बचाव हेतु पशुधन प्र क्षेत्र, आमानाला पर अमल में लाई जाने



वाली सावधानियों को वॉट्सएप के माध्यम से संदेश छात्रों व पशु पालकों को प्रसारित किया गया। इस श्रृंखला में डॉ. अर्पणा बिंद, सहा. प्राध्यापक द्वारा ष्क्लासिकल सोंवाइन फीवरष पर कक्षा का ऑनलाइन आयोजन हुआ, जिसमें अंतिम वर्ष के 66 छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया, साथ ही कोरोना वायरस संबंधी जागरूकता अभियान के तहत 3 संदेश 4 समूहों द्वारा 500 लोगों को भेजा गया। साथ ही वि.वि. की वेबसाइट के कार्य में संलग्न डॉ. सुमन कुमार सहा. प्राध्यापक पशु परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 11 व 12 अप्रैल 2020 को क्रमशः ईमेल–97, वॉट्सएप– 227 एवं एस.एम.एस– 48 कोरोना वायरस संक्रमण से संबंधी संदेश भेजे गए।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर म. प्र